(कार्यालय दुरभाष- 01686297770, ई.मेल: gcgpillukhera2019@gmail.com)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

पत्र क्रमांक: म.ज.रा.क.मा.वि.पिल्लूखेड़ा/जींद/2025/ Dated:

Dated: 21 अगस्त 2025

## Activity Report

### उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन

पिल्लूखेड़ा (जिला जींद)। महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में प्राचार्य डॉ रणबीर सिंह की अध्यक्षता में उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के अंतर्गत एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया । मुख्य वक्ता श्री दीपक कौशिक, निदेशक भैरव ग्रुप ऑफ आयुर्वेद का महाविद्यालय परिवार की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न आयामों पर मार्गदर्शन दिया और अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए युवाओं को आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार तथा स्टार्टअप अवसरों की ओर प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि छोटे स्तर से शुरू किया गया व्यवसाय कैसे मेहनत और सही दिशा से बड़े स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकता है । कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती बबीता पवार ने अपने संबोधन में कहा कि उद्यमिता केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और समाज में रोजगार सृजन का माध्यम है । उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा का उपयोग केवल नौकरी पाने तक सीमित न रखें, बल्कि दूसरों के लिए भी अवसर तैयार करें। उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के संयोजक सहायक प्रोफेसर श्री रमेश कुमार ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के महत्व से अवगत कराया और कहा कि आज का युवा रोजगार खोजने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बन सकता है ।अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. रणबीर सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमिता ही आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यह राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में युवाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करती है । कार्यक्रम के अंत में श्रीमती बबीता पवार ने मुख्य वक्ता एवं सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर उद्यमिता से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ प्राप्त कीं। विद्यार्थियों ने इसे प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक और भविष्य निर्माण में सहायक बताया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण और सकारात्मक माहौल रहा ।




Program Co-ordinator

Ramesh Kumar
Incharge
E. D Club

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Incharge
E.D. Club

H.O.D. Commerce

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लुखेड़ा(जीन्द)-126113

(कार्यालय दुरभाष- 01686297770, ई.मेल: gcgpillukhera2019@gmail.com)

Azadi ka Amrit Mahotsav

पत्र क्रमांक: म.ज.रा.क.मा.वि.पिल्लूखेड़ा/जींद/2025/ Dated:

**Activity Report** Dated: 29 अगस्त 2025

### उद्यमिता विकास क्लब एवं वाणिज्य विभाग द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

एम.जे. राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा, जींद में आज उद्यमिता विकास क्लब एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उद्यमिता (Entrepreneurship) एवं स्टार्टअप (Startup) के महत्व से परिचित कराना तथा उनमें आत्मनिर्भरता, नवाचार और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रणवीर यादव की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न उप-विषयों पर प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए जैसे भारत में स्टार्टअप कल्चर बनाम नौकरी का विकल्प,सरकारी योजनाएँ एवं स्टार्टअप नीति का उद्यमिता को बढ़ावा,महिला उद्यमिता की भूमिका,तकनीकी नवाचार और स्टार्टअप सफलता,निवेशकों का भरोसा और वैश्विक पहचान,ग्रामीण उद्यमिता का महत्व,एआई एवं डिजिटलाइजेशन की चुनौतियाँ और अवसर,उद्यमिता को आर्थिक विकास का सशक्त साधन बनाने पर विमर्श। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रणवीर यादव ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज का समय अवसरों का समय है, जहाँ एक मजबूत विचार और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी छात्रा स्वयं को सफल उद्यमी के रूप में स्थापित कर सकती है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों की सराहना की। उद्यमिता विकास क्लब इंचार्ज श्री रमेश कुमार का प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि *उद्यमिता केवल व्यवसाय का नाम नहीं है, बल्कि यह सोचने का तरीका है। जब हम चुनौतियों को अवसरों में बदलने की क्षमता रखते हैं, तभी असली उद्यमी बनते हैं। हमारे देश में स्टार्टअप संस्कृति तेजी से विकसित हो रही है, और इस समय छात्राओं को भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। वाणिज्य विभागाध्यक्षा श्रीमती बबीता पवार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ छात्राओं को अपने विचारों को खुलकर व्यक्त करने और समाज में बदलाव लाने का आत्मविश्वास प्रदान करती हैं। हमारा उद्देश्य छात्राओं को यह समझाना है कि भविष्य उन्हीं का है जो नवाचार को अपनाते हैं और जोखिम उठाने से नहीं डरते।* उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम से छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और नई सोच को बढ़ावा मिलेगा, जो आने वाले समय में उन्हें समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम का संचालन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और महाविद्यालय की 10 प्रतिभागियों ने न केवल अपने विचार साझा किए बल्कि उद्यमशीलता के महत्व को समझने का प्रयास भी किया। कार्यक्रम के अंत में निर्णायकों ने छात्राओं को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और उनके प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य महोदय ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन का श्रेय उद्यमिता विकास क्लब एवं वाणिज्य विभाग की टीम को दिया। यह आयोजन महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण में नवाचार, नेतृत्व और उद्यमशीलता की भावना को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला साबित हुआ। इस अवसर पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्रीमती बबीता, उद्यमिता विकास क्लब इंचार्ज श्री रमेश कुमार, वाणिज्य विभाग प्राध्यापक श्री संजीव कुमार, एवं अन्य गणमान्य अतिथि श्री रजत कुमार, श्रीमती सुरक्षा एवं पूजा उपस्थित रहे।




Programme Co-ordinator cum H.O.D. Commerce

Ramesh Kumar
Incharge
E.D. Club

30/8/2025
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.